अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029, भारत

**All India Institute of Medical Sciences**
Ansari Nagar, New Delhi-110029, India

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्



दूरभाष/Phones :(का./Off.): +91-11-26588000, 26594800, 26594805
फैक्स सं./Fax No.: +91-11-26588663, 26588641
Phone (नि./ Res.) +91-11-26594500
ई-मेल/E-mail : director.aiims@gmail.com, director@aiims.ac.in

आचार्य रणदीप गुलेरिया
निदेशक

**PROF. RANDEEP GULERIA**
MD, DM (Pulmonary Medicine), FAMS, FIMSA
**DIRECTOR**

5-1/2019-हिं.अ.
14.09.2019

# <u>अपील</u>

आज 14 सितम्बर, 2019 को हिंदी दिवस के अवसर पर मैं संस्थान के समस्त संकाय-सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है क्योंकि यह देश के अधिकतर भू-भाग में बोली और समझी जाती है। इसलिए हमारा यह परम कर्तव्य होना चाहिए कि हम संघ के कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

इस अवसर पर हम सभी हिंदी के विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रण लें ताकि भावी पीढ़ी को इसके लिए प्रेरणा मिल सके। स्वास्थ्य का विषय तकनीकी एवं वैज्ञानिक होने के साथ-साथ जन-साधारण से जुड़ा हुआ है। अत: जन-जन तक "स्वास्थ्य" पहुंचाने के हमारे लक्ष्य के लिए हिंदी एक प्रभावशाली माध्यम है। मैं इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आप सभी के बहुमूल्य योगदान की अपेक्षा करता हूँ।

पुन: सभी को शुभकामनाओं सहित।

र. गुलेरिया
14/9/19
(डॉ. रणदीप गुलेरिया)

सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।